एक नजर

मप्र कांग्रेस आउटसोर्स, अस्थाईईएवं संविदा कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक

भोपाल,(निप्र)। मप्र कांग्रेस चयन पत्र कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह के मुख्य आथित्य एवं पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, जे.पी. धनोपिया एवं बी.के. बाथम की विशेष उपस्थित मे मप्र आउटसोर्स, अस्थाई एवं संविदा कर्मचारी कांग्रेस की एक प्रांतीय बैठक मप्र कांग्रेस आउटसोर्स, अस्थाई संविदा कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि आउटसोर्स, अस्थाई, ठेका एवं संविदा कर्मचारियो के भविष्य को सुरक्षित करने वाले सुझाव आये हैं। जिन पर कमेटी विचार कर उन्हें शामिल करने का प्रयास करेगी। उन्होने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कामगारों के सुरक्षा कवच श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया गया है। जिससे नौकरियों में असुरक्षा बढी है। न्यूनतम वेतन, साप्ताहिक अवकाश तक छीन लिए गए हैं। महिलाओं का प्रसूति अवकाश का अधिकार छीन लिया गया है। ऐसा कुत्सित कार्य कोई अमानवीय सरकार ही कर सकती है। भाजपा की सरकारों में शोषण, अन्याय, अत्याचार बढा है और इससे मुक्ति पाने का समय आ गया है। 2023 के चुनाव में भाजपा सरकार की विदाई में आप लोग अपना अधिकतम सहयोग करें। भाजपा सरकार द्वारा आपसे छीने गये अधिकारों को कमलनाथ के नेतृत्व में बनने वाली कांग्रेस की सरकार वापस करायेगी और कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त किया जायेगा। बैठक को पी.सी. शर्मा, जे.पी. धनोपिया एवं बी.के. बाथम ने भी संबोधित किया।

मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने किया अभा पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आज अखिल भारतीय पुलिस ड्युटी मीट का शुभारंभ किया। सिंह ने कहा कि पुलिस यह नाम सुनते ही हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करने लगता है। हम अपने शहर और गाँव में निश्चिंत होकर बैठते हैं और सभी त्योहार और खुशियाँ मना पाते हैं। क्योंकि आप लोग दिन रात खड़े रह कर अपने जीवन की चिंता न करते हुए हम सभी की सुरक्षा की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा पुलिस यह नाम सुनते ही हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करने लगता है। हम अपने शहर और गांवो में निश्चिंत होकर बैठते हैं और सभी त्योहार और खुशियां मना पाते हैं क्योंकि आप लोग दिन रात खड़े रहकर अपने जीवन की चिंता न करते हुए हम सभी की सुरक्षा की चिंता करते हैं। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने 66वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2022-23 का शुभारंभ करते हुए कहीं। मंत्री श्री सिंह ने सभी टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया और विभिन्न प्रदेशों से आये प्रतिभागियों के 24 दल की परेड की सलामी ली। उन्होंने अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2022-23 के शुभारंभ की घोषणा की। पुलिस ड्यूटी मीट में विभिन्न प्रदेशों के 24 दल शामिल हो रहे हैं। श्री सिंह ने कहा है कि देश के विभिन्न राज्यों से 7वीं अखिल भारतीय आल इंडिया पुलिस मीट में शामिल होने आए आप सभी पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बल के जवानों का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ।

बसई में रेलवे स्टापेज क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात:गृहमंत्री

भोपाल,(निप्र)। गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बसईवासियों के लिये रेलवे स्टापेज की सुविधा बहुत बड़ी सौगात है। डॉ. मिश्रा ने बसई रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा दतिया जिले के बसई में विकास यात्रा के साथ पहुँचे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जल्द ही बसई में यात्रियों की सुविधा के लिये फूटओवर ब्रिज का भी निर्माण किया जायेगा। बसई में स्टापेज बन जाने से क्षेत्रवासियों को एक साथ दो राजधानियों से जोड़ने वाली सुविधा मिल गई है। अब बसई के लोगों को भोपाल के साथ ही दिल्ली आवागमन में भी सुविधा होगी। मंत्री डॉ. मिश्रा ने दतिया विधानसभा क्षेत्र की विकास यात्रा में ग्राम बसई, ठाकुरपुरा लखनपुरा में विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्रामीणों को हितलाभ भी वितरित किये।

मोबाइल लुटेरों की गैंग पकड़ाई

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में बीते चार दिन से भोपाल पुलिस की नाम में दम करने वाले मोबाइल लुटेरों को बीती रात टीटी नगर पुलिस ने पकड़ लिया। गैंग के सदस्य 11 फरवरी को रंगमहल के पास एक नाबालिग लड़के को मुफ्त में मोबाइल कवर बदलने का झांसा देकर मोबाइल लेकर चंपत हो गए थे।

बागेश्वर धाम दरबार में अर्जी लगाने क्यों पहुंचे कमलनाथ?

हिंदुत्व की पिच पर बैटिंग कर रहे कमलनाथ

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने हिंदुत्व दांव चलने के संकेत दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने कमलनाथ को हनुमान भक्त बताते हुए उनका वीडियो जारी किया है। जिसमें यह भी बताया गया है कि वह नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं और उनके मन में सियाराम भी बसते हैं। एक अन्य ट्वीट में यह भी कहा गया है कि कमनलाथ ने अपने कार्यकाल में पुजारियों का मानदेय 1000 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए मासिक किया।

बता दें मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में सोमवार से महायज्ञ की शुरूआत हुई। देशभर से आए संतों की मौजूदगी में एक सप्ताह तक यह यज्ञ चलेगा। पहले दिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी पहुंचे। यहां उन्होंने दर्शन-पूजा के बाद बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भी मुलाकात की। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की अपील करने वाले धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात के बाद जब कमलनाथ का सामना इस सवाल से हुआ तो उन्होंने दो टूक कहा कि देश संविधान से चलेगा। इन दिनों मीडिया के सुर्खियों में बने बागेश्वर धाम में अगले एक सप्ताह तक बेहद गहमा-गहमी रहने वाली है। 18 मार्च को

महाशिवरात्रि पर यहां 121 कन्याओं का विवाह भी कराया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सोमवार को पहले ही दिन बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। यहां कथा के साथ यज्ञ भी चल रहा है। समर्थकों के साथ सुबह धाम पहुंचे कमलनाथ ने पूजा अर्जना के बाद धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। उन्होंने कहा, ह्यमैंने छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा 101 फुट से भी ऊंचा हनुमान मंदिर बनाया है। मैं हनुमान जी से यहां प्रार्थना करने आया था कि मध्य प्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहे।ह्न

धीरेंद्र शास्त्री हाल के समय में कई बार भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कह चुके हैं। पत्रकारों ने जब इस पर कमलनाथ से प्रतिक्रिया मांगी तो पूर्व सीएम ने कहा कि भारत अपने संविधान के अनुसार चलता है। बाबा साहब आंबेडकर ने संविधान बनाया था, उसके मुताबिक चलेगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि वह भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके लिए वह सनातनियों को एकजुट करने की बात कह रहे हैं। बागेश्वर धाम के अनुयायियों की संख्या लाखों में है और मध्य प्रदेश की राजनीति में इस बार उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। यही वजह है कि भाजपा और कांग्रेस सभी दलों के नेता बागेश्वर धाम में सिर झुकाने पहुंच रहे हैं।

चुनाव में अहम होंगे धीरेंद्र शास्त्री?

मध्य प्रदेश में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। माना जा रहा है कि इस बार चुनाव में बागेश्वर धाम की अहम भूमिका हो सकती है। बागेश्वर धाम के अनुयायियों की बड़ी तादाद को देखते हुए हर दल और हर नेता खुद को बागेश्वर धाम का बड़ा भक्त बताने में जुटा है। आने वाले दिनों में बागेश्वर धाम में नेताओं की दौड़ में इजाफा हो सकता है। हालांकि, खुद धीरेंद्र शास्त्री खुद को राजनीति से अलग करते रहे हैं और वह कहते हैं कि उनका सियासत से कोई लेनादेना नहीं है। वह कहते हैं कि सभी पार्टियों के लोग उनके दरबार में आते हैं और वह सबको एक जैसा आशीर्वाद देते हैं।

पर्चा बनाना कोई चमत्कार नहीं– पंडोखर सरकार

भोपाल,(निप्र)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार और उनके पर्चों को लेकर विवाद के बीच एक अन्य संत गुरुशरण महाराज पंडोखर सरकार ने दावा किया कि पर्चा बनाना कोई चमत्कार नहीं है। किसी की जीवन की बिगड़ी बन जाए तो वह चमत्कार है। उन्होंने मौलाना मदनी के बयान पर कहा कि ओम में ,राम में, ईश्वर में ही संपूर्ण ब्रह्म को जानता हूं। मुस्लिम लोग ओम को अल्लाह मान रहे हैं और अल्लाह को ओम, इससे अच्छा और क्या हो सकता है। पंडोखर सरकार भोपाल के नेहरू नगर स्थित कलियासोत मैदान में पंडित राजन महाराज की श्रीराम कथा में दो दिन दरबार लगाएंगे। सोमवार को उन्होंने मीडिया से कई विषयों पर बात की। उन्होंने मध्यप्रदेश में सनातनी बोर्ड बनाने की बात कही। पर्चा बनाने से जुड़े सवाल पर कहा कि तुम्हारे दद्दा, ककक्का के पहले से पर्चा बना रहा हूं। वह कोई चमत्कार नही है। जीवन की बिगड़ी बन जाए तो वह चमत्कार है। पर्चा बाने वालों की जांच होनी चाहिए। हम कभी चमक-धमक में नही रहे।

नागपुर में लगाएंगे दरबार, सुहानी को दी चुनौती- पंडोखर सरकार ने इस दौरान नागपुर में भी दरबार लगाने का वादा किया। उन्होंने नागपुर के अंधश्रद्धा निर्मूलन संस्था के श्याम मानव को बहस करने की चुनौती दे डाली। साथ ही माइंड रीडर सुहानी शाह को भी चैलेंज कर दिया। दरअसल, महाराष्ट्र के एक शख्स का पर्चा निकालने और हर दावा सही निकलने पर श्याम मानव की बात निकली।

कमलनाथ के बागेश्वर धाम जाने पर सियासी घमासान

दोहरे चरित्र के लिए कमलनाथ प्रदेश की जनता से माफी मांगें: शर्मा

भोपाल,(निप्र)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कमलनाथ जी बागेश्वर धाम दर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उन्हीं के नेता प्रतिपक्ष गोविन्द सिंह बागेश्वर धाम के ऊपर आरोप लगा रहे है। क्या कमलनाथ जी कांग्रेस अध्यक्ष के नाते बागेश्वर धाम के संबंध में नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिए गए बयान को लेकर प्रदेश की जनता से माफी मांगेगे? श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के नेताओं के दोहरे चरित्र और कांग्रेस की दोगली प्रवृत्ति को भलीभांति जानती है। प्रदेश की जनता कमलनाथ जी से पूछना चाहती है कि क्या वह इस दोहरे चरित्र के लिए माफी मांगेंगे। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा अवैध खनन के संबंध में दिए गए बयान पर कहा कि कमलनाथ जी कह रहे हैं कि पन्ना में अवैध खनन हो रहा है। मैं उनसे पूछता हूं कि अवैध खनन करते हुए पकड़ा कौन गया ? और किसके ऊपर कार्यवाही हुई ? अवैध उत्खनन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं, वहीं पकड़े जाते है। कमलनाथ जी को अपने दल को नेताओं की तरफ जरूर देखना चाहिए जो कि अवैध उत्खनन में लिप्त है। श्री शर्मा ने कहा कि जब प्रदेश में 15 महीने कांग्रेस का शासनकाल रहा तब कमलनाथ जी ने जो बंदरबांट किए और अवैध उत्खनन हुए। उन्हें वहीं याद आते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कमलनाथ जी यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है किसी भी जिले में अवैध उत्खनन होगा तो कार्यवाही होगी।

भाजपा का बिल्ला जेब में रखकर काम कर रहे पन्ना कलेक्टर

कलेक्टर की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है:कमलनाथ

भोपाल,(निप्र)। अजयगढ़ पन्ना एक प्राचीन शहर है, मंदिरों का शहर है। वे इस पुण्य भूमि को प्रणाम करते हैं। वे अभी बागेश्वर धाम गया था, वे हनुमान जी के भक्त है। प्रदेश का सबसे बड़ा हनुमान मंदिर मैंने अपने जिले छिंदवाड़ा में बनवाया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने आज पन्ना जिले के अजयगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये यह बात कही। कमलनाथ ने कहा कि उन्हें यहां आकर बहुत खुशी हुई, परंतु दुख भी हुआ इस बात का कि आज पन्ना अजयगढ़ प्रदेश में अवैध खनन की राजधानी बन गया है। आप सब भली-भांति जानते हैं आप सब गवाह हैं कि इस अवैध खनन के पीछे आखिर है कौन। 15 सालों बाद 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी कैसा प्रदेश सौंपा था शिवराज सिंह चौहान ने हमें, जो बेरोजगारी, किसानों की आत्महत्या, भ्रष्टाचार में नंबर वन था, मध्य प्रदेश को भ्रष्टाचार प्रदेश बनाकर हमें सौंपा गया था। कौन सी चुनौती नहीं थी, हमारे सामने। हमारी माताओं बहनों की सुरक्षा की चुनौती, किसानों को उचित मूल्य मिले, हमने एक नई शुरूआत की थी, कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आएं जिसके तहत हमने पन्ना जिले में पहली किस्त में 50000 किसानों का कर्जा माफ किया था, दूसरी किश्त शुरू होने वाली थी, परंतु उससे पहले धोखे से हमारी सरकार को गिरा दिया गया। कौन सा गुनाह किया था मैंने? अगर मैंने 100 रू. में 100 यूनिट बिजली देने का काम किया, पेंशन बढ़ाई, प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक हजार से ज्यादा गौशाला एक साल में बनाई, कौन सा गुनाह कौन सा पाप किया था?

विकास यात्रा का क्रम सतत जारी

आष्टा,(निप्र)। आष्टा विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा का क्रम सतत जारी है। ग्राम पंचायत अरोलिया जावर से आरंभ हुई विकास यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के विकास में प्रदेश को स्वर्णिम मप्र के इतिहास में बदल दिया है । ग्राम पंचायत अरनिया गाजी मैं गोपाल सिंह इंजीनियर जिला पंचायत अध्यक्ष की प्रेरणा से ग्राम के धीरज सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह, इंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह पटेल, राम सिंह पटेल, राजकुमार सिंह, दिलीप सिंह, घनश्याम विश्वकर्मा, चंदर सिंह, कन्हैया लाल भूरिया, ईश्वरलाल, लखन सिंह पटेल ने साथियों सहित कांग्रेसी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । विकास यात्रा के दौरान कई विकास कार्यो का लोकार्पण भी अतिथियों ने किया।

पशुपतिनाथ मंदिर से गंगाजली कलश यात्रा

भोपाल,(निप्र)। श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल गंगाजली कलश यात्रा शिव बारात का आयोजन कर दोपहर 12 बजे भगवान पशुपतिनाथजी का रूद्राभिषेक किया जायेगा। इस दौरान मंदिर का गर्भ गृह आमजन के लिए खुला रहेगा। पशुपतिनाथ नेपाली समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया कि विशाल गंगाजली कलश यात्रा में शिव बारात, नेपाल के परंम्परागत पन्चेबाजा के साथ 18 फरवरी को माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा से प्रारंभ होकर सेकेण्ड स्टॉप, बोर्ड ऑफिस चौराहा, ज्योति टॉकिज, चेतक ब्रिज, गौतम नगर होते हुए दोपहर 12 बजे श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रागंण पहुंचेगी।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत कालोनी अटल विहार में भूखण्ड क्रमांक एलबी-408 एलआईजी मंडल द्वारा श्रीमती अंजु राउत पति श्री रामेश्वर राउत के नाम बुरहानपुर से आवंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18/10/2022 को पंजीकृत है। श्रीमती अंजु राउत से उक्त संपत्ति का श्री महेश फ्रांसीस पिता श्री अरूण फ्रांसीस ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 04/11/2022 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री महेश फ्रांसीस पिता श्री अरूण फ्रांसीस के नाम से हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

न्यायालयः अजय रामावत द्वितीय जिला न्यायाधीश कुक्षी, जिला धार म.प्र.

RCA 01/2019
नियत दिनांक 24.02.2023

सायलः- 1. सकरीबाई पिता हीरा पति केरमसिंह भीलाला उम्र 49 साल निवासी अखाडा तह, कुक्षी जिला धार म.प्र. ..अपीलार्थी

विरूद्ध

1. मुकाम पिता दया भीलाला उम्र 60 साल निवासी भिमपुरा तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 2. थानसिंह पिता दया भीलाला उम्र 62 साल निवासी भिमपुरा तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 3. कालुसिंह पिता दया भीलाला उम्र 58 साल निवासी भिमपुरा तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 4. बोंदरसिंह पिता दया भीलाला उम्र 57 साल निवासी भिमपुरा तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 5. शासन द्वारा कलेक्टर धार जिला धार म.प्र. 6. खजरीबाई पिता हिरा छगन भीलाला आयु 45 वर्ष निवासी बागदी तह. जोबट जिला अलिराजपुर म.प्र. ..प्रत्यथीर्गण

बनाम : खजरीबाई पिता हिरा छगन भीलाला आयु 45 वर्ष निवासी बागदी तह. जोबट जिला अलिराजपुर म.प्र.

क्योंकि, अपीलार्थी सकरीबाई पिता हीरा पति केरमसिंह भीलाला उम्र 49 साल निवासी अखाडा तह कुक्षी जिला धार म.प्र. द्वारा अधिनस्त न्यायाधीश श्री कमलनाथ जयसिंगपुरे के न्यायालय के बाद कमांक आर.सी.एस.ए. नम्बर 23 / 2014 के निर्णय दिनांक 30.10.2018 से असंतुष्ट होकर यह अपील आवेदन प्रस्तुत किया हैं जिसकी सुनवाई दिनांक 24.02.2023 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष होगी। यदि उक्त अपीलार्थी के द्वारा प्रस्तुत अपील के संबंध में कोई आपत्ति हो तो स्वयं या मार्फत अपने अभिभाषक के पेशी दिनांक 24.02.2023 को इस न्यायालय में उपस्थित रहकर करे। यदि उस दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता हो तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी। यदि तुम नियत दिनांक को उपस्थित नहीं हुए तो अपील की सुनवाई और उसका निराकण तुम्हारी अनुपस्थिती मे किया जावेगा।
हमारे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 13.02.2023 को जारी किया गया।

अजय रामावत द्वितीय जिला न्यायाधीश
कुक्षी, जिला धार म.प्र.

कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्र.474/अ.क.री./का.से./2023 **विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक: 08.02.2023

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा **ग्राम करवासा, तहसील-देपालपुर, जिला इंदौर** में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

अ क्र.	कॉलोनाईजर का नाम व पता	स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है	धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	भूमि स्वामी **श्री मोहनसिंह पिता श्री गुलाबसिंह** तर्फे भूमि स्वामी / विकासकर्ता **श्री मोहनसिंह पिता श्री गुलाबसिंह** पता: ग्राम-करवासा (बेटमा), तहसील-देपालपुर, जिला-इन्दौर (म.प्र.) कॉलोनी का नाम: **टी.डी.एस. प्राईम सिटी**	ग्राम-करवासा, तहसील देपालपुर, जिला-इंदौर स्थित भूमि खसरा नंबर 9/1 रकबा 0.162 हैक्टेयर, खसरा नंबर 10/1 रकबा 0.360 हैक्टेयर, खसरा नंबर 11/1 रकबा 0.745 हैक्टेयर, खसरा नंबर 11/2 रकबा 0.489 हैक्टेयर, खसरा नंबर 11/3 रकबा 0.506 हैक्टेयर, खसरा नंबर 12/1 रकबा 0.688 हैक्टेयर, खसरा नंबर 12/2 रकबा 0.583 हैक्टेयर, खसरा नंबर 12/184/1 रकबा 0.708 हैक्टेयर, खसरा नंबर 12/184/2 रकबा 0.563 हैक्टेयर, कुल रकबा 4.804 हैक्टेयर भूमि पर।	बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी179092022ए1847494 इंदौर दिनांक 17.08.2022 से भूखण्ड क्र. 1 से 3 तक, 7 से 8 तक, 11 से 31 तक, 52 से 67 तक, 74 से 79 तक, 112 से 117 तक, 119 से 125 तक, 200 से 211 तक, 240 से 256 तक, 300 से 309 तक, 344 से 348 तक, 402 से 408 तक, 432 से 436 तक, 461 से 465 तक, 489 से 494 तक तथा 517 से 519 तक इस प्रकार कुल 131 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 6354.38 वर्गमीटर भूमि है।

उपरोक्त कॉलम नंबर-4 में उल्लेखित 131 भूंखड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडों का क्रय-विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत)

प्रभारी अधिकारी
कॉलोनी सेल शाखा, जिला-इंदौर

कार्यालय कलेक्टर जिला धार (म.प्र.)

क्रमांक/2256/2023 धार, दिनांक 9/02/2023

सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 नियम 23(2) के अंतर्गत

नगर परिषद सरदारपुर जिला धार सीमा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अवैध कालोनीयों को वैध करने की कार्यवाही की जाना है। सर्वेक्षण के दौरान चिन्हांकन में कोई भी अवैध कालोनी नहीं पाई गई है।

क्र.	वार्ड क्रमांक	कालोनी का नाम	ग्राम/पटवारी हल्का नंबर/ सर्वे क्रमांक	रकबा (हेक्टर में)
1	-	-	निरंक	निरंक

उपरोक्त अनुसार अवैध कालोनीयों की संख्या निरंक होने पर नगर परिषद क्षेत्र में अन्य कोई कालोनी जो नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के अंतर्गत वैध की जानी है तो जन सामान्य दिनांक 20/02/2023 तक नगर परिषद सरदारपुर जिला धार में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिवस को छोड़कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सरदारपुर जिला धार को लिखित में सूचना देकर दस्तावेज उपलब्ध करा सकते है।

कलेक्टर जिला धार (मप्र)

न्यायालयः अजय रामावत द्वितीय जिला न्यायाधीश कुक्षी, जिला धार म.प्र.

RCA 06/2019
नियत दिनांक 4.04.2023

सायलः- 1. जतन पिता रिछु जाति भील, आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह, कुक्षी जि. धार म.प्र. 2. बागु पिता रत्नीया भील आयु 60 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. ..अपीलार्थी

विरुद्ध

1. टन्डु पिता हेमरिया भील आयु 65 वर्ष निवासी ग्राम घुटियोदव तह, कुक्षी जिला धार म.प्र. 2. कालु पिता हाबु भील आयु 50 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 3. डोंगरिया पिता सुद भील उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह, कुक्षी जिला धार म.प्र. 4. भदु पिता हाबु भील उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह. कुक्षी जिला धार म.प्र. 5. सुरजी पिता वागजी भील उम्र 68 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह कुक्षी जि. धार म.प्र. 6. राज्य शासन म.प्र. द्वारा कलेक्टर धार जिला धार म.प्र. 7. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भू-अर्जन अधिकारी कुक्षी जिला धार म.प्र. ..प्रत्यर्थी

बनामः- 1. श्रीमती नुरीबाई पति स्व. भदु उम्र 47 वर्ष व 2. बाली पिता भदु भील उम्र 25 वर्ष निवासीयान ग्राम घुटीयादेव हाल मुकाम त्रिमुर्ती चौराहा एयरटेल टावर के पास धार जिला धार म.प्र.

क्योंकि, अपीलार्थी जतन पिता रिछु जाति भील, आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह. कुक्षी जि. धार म.प्र. द्वारा अधिनस्त न्यायाधीश श्री एन. एस. ताहेड के न्यायालय के वाद क्रमांक आर.सी.एस.ए. नम्बर 41 / 2017 के निर्णय दिनांक 14.12.20218 से असंतुष्ट होकर यह अपील आवेदन प्रस्तुत किया हैं। चूंकि प्रत्यर्थी क्रमांक 4. भदु पिता हाबु भील उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम घुटियादेव तह. कुक्षी जिला धार म. प्र. की मृत्यु हो चूकि है जिनके वारिसान के रूप में 1. श्रीमती नुरीबाई पति स्व. भदु उम्र 47 वर्ष व 2. बाली पिता भदु भील उम्र 25 वर्ष निवासीयान ग्राम घुटीयादेव हाल मुकाम त्रिमुर्ती चौराहा एयरटेल टावर के पास धार जिला धार म.प्र. नाम प्रकरण में जोड़ा जाना है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.03.2023 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष होगी यदि उक्त अपीलार्थी के द्वारा प्रस्तुत अपील के संबंध में कोई आपत्ति हो तो स्वयं या मार्फत अपने अभिभाषक के पेशी दिनांक 02.03.2023 को इस न्यायालय में उपस्थित रहकर करे। यदि उस दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता हो तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी। यदि तुम नियत दिनांक को उपस्थित नहीं तो अपील की सुनवाई और उसका निराकण तुम्हारी अनुपस्थिती मे किया जावेगा। हमारे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 13.02.2023 को जारी किया गया।

अजय रामावत द्वितीय जिला न्यायाधीश
कुक्षी, जिला धार म.प्र.

Shree Pacetronix Ltd.

CIN: L33112MP1988PLC004317
Regd. Office: Plot No.15, Sector II, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.) 454775
Tel No. 07292-411105, Fax no. 07292-400418
E-mail: pacetronix@hotmail.com website: www.pacetronix.com

STANDALONE/CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2022

(Rs. In Lakhs Except EPS)

S. N.	Particulars	Standalone						Consolidated					
		Quarter Ended			Nine Month Ended		Year ended	Quarter Ended			Nine Month Ended		Year ended
		31.12.22	30.09.22	31.12.21	31.12.22	31.12.21	31.03.22	31.12.22	30.09.22	31.12.21	31.12.22	31.12.21	31.03.22
		(Unaudited)					(Audited)	(Unaudited)					(Audited)
1	Total income from operation (Net)	522.46	419.09	219.12	1272.94	674.09	900.20	522.66	419.88	222.34	1279.55	690.19	930.16
2	Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	89.19	40.37	7.15	179.41	51.83	88.49	89.03	40.87	9.89	184.73	64.81	106.05
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	89.19	40.37	7.15	179.41	51.83	88.49	89.03	40.87	9.89	184.73	64.81	106.05
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	62.02	27.88	5.26	126.76	38.13	65.21	61.56	28.30	7.28	130.30	47.78	78.08
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive income(after tax))	62.02	27.88	5.26	126.76	38.13	65.21	61.56	28.30	7.28	130.30	47.78	78.08
6	Equity Share Capital	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	–	–	–	–	–	296.77	–	–	–	–	–	283.24
8	Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued operations)												
	(a) Basic (in Rs.)	1.72	0.